अति आवश्यक
विधान सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 951/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य द्वारा डॉ. दिगम्बर सिंह मा.सदस्य राजस्थान विधानसभा

क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री/राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेगें :–

1. क्या यह सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2009–10 में राजस्थान के ग्रामीण अंचल में गरीब लोगों को चिकित्सा मुहैया कराने के लिए 537 उप स्वास्थ्य केन्द्र चालू करने की घोषण की गयी थी ?
2. क्या यह सही हैं कि इन उप स्वास्थ्य केन्द्रों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गयी हैं ? यदि हां, तो इनकी सूची एवं आदेशों की प्रतियां सदन की मेज पर रखें और नही, तो क्यों ?
3. क्या यह सही हैं कि उक्त में से कुछ उप स्वास्थ्य केन्द्र खोल दिये गये हैं ? यदि हां, तो कितने और क्या उनमे ए एन एम का पदस्थापन कर दिया गया हैं ? खोले गये उप स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची पदस्थापित एएनएम के नाम सहित सदन की मेज पर रखें।
4. सरकार द्वारा शेष उप स्वास्थ्य केन्द्र कब तक खोल दिये जाएगें और उनमें एएनएम का पदस्थापन कब तक कर दिया जावेगा ?
5. सरकार की इस बजट घोषणा की कियान्विति/अमल अभी तक नही करने के लिए कौन दोषी हैं ?
6. क्या सरकार दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती हैं ? यदि हां, तो कब तक और नही, तो क्यों ?

राजस्थान सरकार
निदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाये, राजस्थान जयपुर

कमांक : अराज/सामान्य/वि.सभा/10/203 दिनाँक : 25/12/10

प्रतिलिपी निम्नलिखित को भेजकर लेख हैं कि उपरोक्त अतारांकित प्रश्न का उत्तर अविलम्ब पूर्ण विवरण सहित विशेष वाहक के साथ मय सीडी के 2 दिवस में निदेशालय के कमरा नम्बर 106 में भिजवाने का श्रम करें।

1. समस्त संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, जोन राजस्थान।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी।
3. प्रभारी सैल रूम मुख्यालय।

अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
राजस्थान जयपुर